



# अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास



**नई दिल्ली 27 अगस्त. भारतीय क्रिकेटर आर अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास ले लिया है. उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर**

## 16 साल का कॅरियर खत्म

**किया, जिसमें लिखा, आज मेरा आईपीएल करियर भी खत्म हो रहा है. 16 साल के आईपीएल करियर में अश्विन ने कुल 221 मैच खेले. उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों का प्रतिनिधित्व किया. बता दें कि वह दिसंबर, 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं.**

आर अश्विन ने 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया था. उसके बाद वह राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और फिर राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले. वह आखिरी सीजन (ढ्ढक्क 2025) चेन्नई सुपर किंग्स में लौटे थे, जिसमें खेलने के बाद उन्होंने आज क्रिकेट से संन्यास ले लिया. अश्विन आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेले हैं. उनका आईपीएल सफर चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2009 में शुरू हुआ था. पहले सीजन वह 2 मैच ही खेल पाए. अपने अंतिम आईपीएल सीजन (2025) में वह सीएसके के लिए 9 मैच खेले, जिसमें उनके नाम 7 विकेट रहे.

### हर अंत की एक नई शुरुआत

आईपीएल से रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए अश्विन ने सोशल मीडिया पर लिखा, खास दिन और एक खास शुरुआत. कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है, एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज खत्म हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक एक्सप्लोरर के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है. अश्विन ने अपने पोस्ट में अपनी सभी लीग का भी शुक्रिया अदा किया, जिनके लिए वह आईपीएल में खेले. उन्होंने लिखा, इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा.

### अब क्या करेंगे अश्विन?

अश्विन अब दुनिया की दूसरी टी20 लीग्स में खेल सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उनके राज्य के साथी दिनेश कार्तिक. कार्तिक ने जून 2024 में आईपीए से संन्यास लिया था और सिर्फ छह महीने बाद एसए-20 में खेलते नजर आए. दरअसल, बीसीसीआई किसी भी मौजूदा भारतीय अंतरराष्ट्रीय या घरेलू खिलाड़ी को विदेशी टी20 लीग्स में खेलने की अनुमति नहीं देता. यही वजह है कि कार्तिक अब भारतीय क्रिकेट में कोचिंग भूमिकाएं निभा रहे हैं और समय मिलने पर विदेशी लीग्स में हिस्सा लेते हैं. अश्विन के पास अब ऑस्ट्रेलिया की BBL, साउथ अफ्रीका की SA20, यूएई की ILT20, इंग्लैंड की द हंड्रेड और वेस्ट इंडीज की CPL में खेलने का विकल्प होगा.

### विवादों से भी नाता रहा

#### डेवाल्ड ब्रेविस और सीएसके की डील

डेवाल्ड ब्रेविस को ढ्ढक्क2025 में चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरजपनीत सिंह के रिप्लेसमेंट के तौर पर अपनी टीम में जो?ा था. अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि कई सारी टीमें ब्रेविस को अपने साथ लाना चाहती थीं, लेकिन ष्टस्य़ ने चोरी-छिपे ब्रेविस को ज्यादा पैसे देकर अपनी टीम में शामिल किया था. उनके इस बयान पर चेन्नई टीम को ऑफिशियल स्टेटमेंट तक जारी करना प?ा कि नियमों का पालन करके ही ब्रेविस को साइन किया गया था.

#### मांकडिंग करके आउट किया

यह साल 2019 की बात है, जब अश्विन पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे थे. पंजाब का मैच राजस्थान रॉयल्स के साथ हो रहा था. इसी मैच में राजस्थान 185 रनों के टारगेट का पीछा कर रही थी, टलर नॉन-स्ट्राइकिंग एंड पर थे, 69 रन बना चुके थे. तभी अश्विन ने मांकडिंग करके बटलर को आउट कर दिया, बटलर बहुत गुस्से में मैदान से बाहर गए थे. बटलर के विकेट से राजस्थान को गहरी चोट पहुंची, नतीजन वो 14 रन से मैच हार गई.

#### रिटायर्ड आउट हुए

साल 2022 में आर अश्विन राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते थे. अश्विन 23 गेंद में 28 रन बना चुके थे, लेकिन तभी 19वें ओवर में उन्होंने खुद को रिटायर्ड आउट घोषित कर दिया. उनके इस फैसले पर खूब बवाल मचा. किसी ने कहा कि ऐसा करना खेल भावना के अंतर्गत नहीं आता, अन्य लोगों ने अलग-अलग तरह से अश्विन की जमकर आलोचना की. दरअसल अश्विन ने ऐसा इसलिए किया कि रियान पराग बैटिंग करने आ सकें.

---

कैंसर से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने की खास अपील

# स्किन की जांच अवश्य करवाएं : क्लार्क

**नई दिल्ली 27 अगस्त.** स्किन कैंसर से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने लोगों से एक खास अपील की है. क्लार्क लंबे समय से स्किन कैंसर से जूझ रहे हैं. हाल ही में उन्होंने एक ऑपरेशन भी करवाया. अब सोशल मीडिया पर क्लार्क ने लोगों से इस बीमारी से सजग रहने की बात कही है.



माइकल क्लार्क ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए अपनी बीमारी से जुड़ी जानकारी देने के साथ ही लोगों से कैंसर के बारे में जागरूक रहने को कहा. क्लार्क ने लिखा, ऑस्ट्रेलिया में स्किन कैंसर एक सच है. अपनी स्किन की जांच जरूर करवाएं. यह एक दोस्ताना सलाह है. रोकथाम इलाज से बेहतर है, लेकिन मेरे मामले में नियमित जांच और जल्दी पता लगाना जरूरी रहा. शुक्र है जल्दी पता चल गया.


---

# तुम मुझे घर की मुर्गी समझते हो...

## वीरेंद्र सहवाग ने बेटे आर्यवीर से कही ये बात

**नई दिल्ली 27 अगस्त. वीरेंद्र सहवाग अपने समय के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार थे, उनके सामने अच्छे-अच्छे गेंदबाज गेंदबाजी करने से डरते थे.**

आज टी20 क्रिकेट में ऐसी ही बल्लेबाज की जाती है, जैसा सहवाग टेस्ट और वनडे में भी खेला करते थे. हालांकि उनके बेटे आर्यवीर सहवाग को ये बात तब समझ आई जब वो खुद प्रोफेशनल क्रिकेट में आए. दिल्ली प्रीमियर लीग में खेल रहे आर्यवीर ने



इंटरव्यू में बताया कि उनके पिता कहते थे कि तुम मुझे घर की मुर्गी दाल बराबर समझते हो.

---



# भारत को भारोत्तोलन में तीन रजत

## कोयल बार ने बनाया युवा विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, 27 अगस्त (वार्ता)** भारत ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन तीन रजत पदक जीते। बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन उपविजेता रहीं, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं।

बिंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58

- **बिंद्यारानी देवी ने 58 किग्रा वर्ग में जीता रजत**
- **मुथुपंडी राजा स्वर्ण से सिर्फ एक किग्रा पीछे रहे**
- **स्नेहा सोरेन ने 53 किग्रा वर्ग में हासिल किया रजत**

किलोग्राम भार वर्ग में कुल 206 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने स्वर्ण पदक जीता।

17 वर्षीय कोयल बार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह दिन कोयल बार के नाम भी रहा, जिन्होंने महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कुल 192 किग्रा (85 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर प्रभावित किया और कुल और क्लीन एंड जर्क में नए युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए।

पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में, मुथुपंडी राजा 296 किग्रा (128 किग्रा 168 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, जो मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन से बस थोड़ा पीछे थे, जिन्होंने 297 किग्रा भार उठाया था। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता। सीनियर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में, नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे दीदीह ने 197 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता.

---

# गिल और रोहित वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

## पाक के बाबर आजम तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई 27 अगस्त.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं. वहीं, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज हारने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की है.

ट्रेविस हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुँच गए हैं. मिच मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर आ गए हैं. कैमरन ग्रीन ने 40 पायदानों की लंबी छलांग लगाकर 78वां स्थान हासिल किया है. इनके अलावा, जोश इंगलिस ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 रनों की पारी खेलकर 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वां स्थान प्राप्त किया है.

बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा कायम है. शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756 रेटिंग अंक) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं,



जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) तीसरे स्थान पर हैं.

### गेंदबाजों की रैंकिंग

गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में भी स्थिति काफी दिलचस्प है. श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना (671 रेटिंग अंक) दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं. गेंदबाजों की रैंकिंग में सबसे बड़ी छलांग दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने लगाई है, जो 28वें स्थान पर पहुँच गए हैं. ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज सीन एबॉट (48वें) और नाथन एलिस (65वें) ने भी अपने प्रदर्शन के दम पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है.

---

## एक नजर में



### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को राष्ट्रपति सम्मान

**नई दिल्ली.** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को इंडियनऑयल डूरंड कप 2025 का ऐतिहासिक खिताब जीतने के लिए राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेता टीम को प्रेसिडेंट्स कप प्रदान किया, जो इस टूर्नामेंट की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों में से एक है. यह क्षण क्लब, उसके समर्थकों और पूरे फुटबॉल समुदाय के लिए गौरव का विषय रहा. राष्ट्रपति ने यह ट्रॉफी NEUFC के मालिक जॉन अब्राहम, कप्तान रेडीम त्लांग और सीईओ मंदार विजयकुमार ताम्हाणे को सौंपी. इस मौके पर डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट सोसाइटी और डूरंड कप आयोजन समिति के गणमान्य सदस्य भी मौजूद थे.

### चीनी ताइपे और बांग्लादेश टीमों ने राजगीर पहुंचीं

**राजगीर (बिहार)।** शुक्रवार से शुरू होने वाले हीरो एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए आठ टीमों की लाइनअप बुधवार को पूरी हो गई। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए चीनी ताइपे और बांग्लादेश की पुरुष हॉकी टीमें यहाँ पहुंच गईं। तीन बार का विजेता भारत और गत विजेता दक्षिण कोरिया इस बार खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट पहले से ही चर्चा में है, क्योंकि पाकिस्तान और ओमान के हटने के बाद उनकी जगह बांग्लादेश और कजाखस्तान को मौका मिला है। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज चीनी ताइपे 2013 के बाद दूसरी बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

### पंजाब एफसी के छह खिलाड़ी टीम इंडिया में

**नई दिल्ली-.** राउंडग्लास और पंजाब एफसी के जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों को तैयार करने के दृष्टिकोण को बड़ी सफलता मिली है. क्लब के छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है. यह चयन न केवल क्लब के लिए बल्कि युवा विकास और समग्र विकास के उसके दर्शन के लिए भी गौरव का क्षण है. निखिल प्रभु और मुहम्मद उवैस को सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए भारतीय सीनियर टीम में चुना गया है. युवा स्तर पर, स्ट्राइकर समीर भारतीय फुटबॉल में सबसे होनहार खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं. उनका चयन उनकी गति, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है. तीन युवा खिलाड़ी - मुहम्मद सुहैल, प्रमवीर सिंह, और मंगलेनथांग किपगेन - को टीम में शामिल किया गया है.

### शुभंकर करेंगे अगुवाई

**नई दिल्ली.** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता, 16-19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में होने वाली 40 लाख डॉलर की डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में भारत की घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उनके साथ विश्व के शीर्ष गोल्फर जैसे रोरी मैक्लरॉय और टॉमी फ्लीटवुड भी शामिल होंगे। 29 वर्षीय शुभंकर शर्मा ने हाल ही में 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे दिसंबर 2017 में जोबर्ग ओपन जीतकर डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बने थे।

---

# यूपी टी-20 लीग में आदर्श का तूफानी शतक

## धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में लगाए10 छक्के



**नई दिल्ली27 अगस्त.** क्रिकेट में हर मैच में कुछ नया रोमांच देखने को मिलता है. यूपी ञ्20 लीग 2025 में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब 20 साल के बल्लेबाज आदर्श सिंह ने ऐसी पारी खेल डाली कि पूरी लीग का समीकरण ही बदल गया. उनकी धमाकेदार बैटिंग ने उस टीम का विजय अभियान रोक दिया, जिसने अब तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया था.

### धीमी पारी से गगनचुंबी शॉट्स तक

कानपुर सुपरस्टार्स और काशी रुद्रास के बीच खेले गए इस मैच में आदर्श सिंह शुरुआत में बेहद साधारण दिख रहे थे. ओपनिंग पार्टनर आउट होने के बाद जब वो क्रीज पर आए, तो उनका खेल बहुत धीमा रहा. उन्होंने अपनी पहली 35 गेंदों पर सिर्फ 38 रन बनाए, जिनमें केवल 2 छक्के शामिल थे. लग ही नहीं रहा था कि वो आगे कोई खास धमाका करेंगे. लेकिन डेथ ओवर्स आते ही पूरी तस्वीर पलट गई. अगले 19 गेंदों में उन्होंने 75 रन जोड़ दिए, जिसमें 10 छक्के शामिल थे. इतना ही नहीं, उन्होंने 51वीं गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक भी पूरा किया. आखिरकार, आदर्श ने 54 गेंदों पर नाबाद 113 रन बनाए और इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 200 से ऊपर की रही.

---

# चीन का बीडब्ल्यूएफ स्पर्धा में दबदबा

**पेरिस, 27 अगस्त (वार्ता) 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे मैच के दिन मंगलवार को एडिडास एरिना में चीन की महिलाओं ने अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि फ्रांस ने अपने घरेलू दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों से रोमांचित किया।**

महिला एकल में, चीन की गहराई पूरी तरह से देखने को मिली। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी ने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को केवल 26 मिनट में 21-5, 21-4 से हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू ने भी ऐसा ही किया, उन्होंने चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को सीधे गेमों में आसानी से हरा दिया, जबकि गाओ फांगजी ने मलेशिया की गोह जिन वेई को इसी अंतर से हराया। महिला युगल मुकाबला भी उतना ही प्रभावशाली रहा।

- **वांग झीयी ने हंगरी की खिलाड़ी को 26 मिनट में हराया**
- **चीन की हान यू और गाओ फांगजी भी आसानी से आगे बढ़ीं**
- **शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी महिला युगल जोड़ियां विजयी रहीं**


शीर्ष वरीयता प्राप्त लियू शेंगशु और टैन निंग, छठी वरीयता प्राप्त जिया यिफान और झांग शुक्सियन, और ली यिजिंग और लुओ जुमिन, सभी ने आराम से आगे बढ़ना जारी रखा।

---

# जॉन मूनी अफगान टीम के फील्डिंग कोच

**नई दिल्ली 27 अगस्त.** आयरलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में लौट आए हैं. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को घोषणा की कि मूनी को टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है. मूनी ने इससे पहले 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था. उन्होंने शेन मैकडरमॉट की जगह ली है, जो अब पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के साथ काम कर रहे हैं.

---



# दूसरे दौर में पहुंचे गॉफ और सिनर

## सिनर ने 98 मिनट में कोप्रिवा को हराया

**न्यूयॉर्क 27 अगस्त.** यूएस ओपन एकल स्पर्धाओं के पहले दौर का समापन हो गया, जिसमें गत विजेताओं के साथ-साथ शीर्ष दावेदारों ने भी शानदार जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में गत विजेता जैनिक सिनर, जबकि महिला वर्ग में इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने दूसरे दौर में प्रवेश

- **यूएस ओपन टेनिस**

किया।

पुरुष एकल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को 6-1, 6-1, 6-2 से मात्र 98 मिनट में हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चिली के एलेजांद्रो ताबिलो के खिलाफ 6-2, 7-6(4), 6-4 से सीधे सेटों में जीत हासिल की। महिला वर्ग में, चैंपियन खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला।

2023 यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ को पहले दौर में सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने अजला टोमलजानोविक को हराने के लिए लगभग तीन घंटे तक संघर्ष किया और अंततः 6-4, 6-7(2), 7-5 से जीत हासिल की। अपनी सर्विस की समस्याओं के बावजूद, गॉफ ने महत्वपूर्ण क्षणों में संयम बनाए रखा।

इगा स्वियाटेक ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए एकल में अपनी लगातार 65वीं जीत दर्ज करके एक नया ओपन युग का रिकॉर्ड बनाया। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका को 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में वरीयता मिली थी, और उन्होंने बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराया।

---

**खुशखबरी** — केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद को आदर्श मेजबान शहर के रूप में पेश करने को दी मंजूरी

# भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स मेजबानी की दौड़ में

**नई दिल्ली 27 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.**

- **अहमदाबाद को आदर्श मेजबान शहर के रूप में पेश किया जाएगा**
- **बोली स्वीकृत होने पर गुजरात सरकार को मिलेगी सहायता**

CGF

इसके साथ ही, मेजबानी सहयोग समझौते (HCA) पर हस्ताक्षर करने और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता प्रदान करने की भी मंजूरी दी गई है. यह बोली खेलों के लिए अहमदाबाद को एक आदर्श मेजबान शहर के रूप में प्रस्तुत करेगी. शहर में विश्व स्तरीय स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और एक जीवंत खेल संस्कृति मौजूद है. दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल की सफलतापूर्वक मेजबानी करके अपनी क्षमता पहले ही साबित कर चुका है.

### आर्थिक और सामाजिक लाभों की उम्मीद

राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से भारत को कई स्थायी लाभ मिलने की उम्मीद है. 72 देशों के एथलीट, कोच, तकनीकी अधिकारी, पर्यटक और मीडियाकर्मी भारत आएंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को फायदा होगा और राजस्व प्राप्त होगा. इसके अलावा, इस आयोजन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे. खेल विज्ञान, कार्यक्रम संचालन, रसद, परिवहन, प्रसारण, मीडिया और संचार जैसे क्षेत्रों में पेशेवरों को नए मौके मिलेंगे. यह आयोजन राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना को मजबूत करेगा और युवा एथलीटों को खेलों को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा. यह सभी स्तरों पर खेलों में अधिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगा.